# 40 वर्ष की हुईं जैकलीन



**बॉलीवुड** की हॉट अभिनेत्री और पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नाडीस आज 40 वर्ष की हो गयी.

जैकलीन का जन्म 11 अगस्त 1985 को बहरीन के मनामा में हुआ. उनके पिता एलरॉय फर्नांडिस श्रीलंकाई बर्गर जाति से हैं और मां किम कनाडाई मूल की हैं.जैकलीन ने अपनी स्कूली पढ़ाई बहरीन में पूरी की. इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की सिडनी यूनिवर्सिटी से मास कम्युनिकेशन का कोर्स किया. जैकलीन सिर्फ 13 साल की थीं, जब उन्होंने बहरीन का टीवी शो होस्ट किया था. फिर ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद प्रोफेशनली टीवी रिपोर्टर के तौर पर काम भी किया.उन्होंने टीवी जर्नलिस्ट के रूप में करियर शुरू किया और 'लंका बिजनेस रिपोर्ट' जैसे शो होस्ट किए. पत्रकारिता में सफलता के बावजूद उनका सपना हमेशा एक्टिंग में करियर बनाना था. वर्ष 2006 में जैकलीन ने मिस श्रीलंका यूनिवर्स का खिताब जीता. इसके बाद उनकी किस्मत बदल गई. उन्हें मॉडलिंग के कई अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिलने लगे.बॉलीवुड में जैकलीन ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2009 में प्रदर्शित फिल्म अलादीन से की.इस फिल्म में जैकलीन के अपोजिट रितेश देशमुख थे.अमिताभ बच्चन.संजय दत्त जैसे दिग्गज कलकारो के बावजूद यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई कमाल नही दिखा सकी.

अलादीन के बाद जैकलीन ने वर्ष 2010 में फिल्म न जाने कहां से आई है में काम किया लेकिन यह फिल्म भी टिकट खिड़की पर कोई कमाल नही दिखा सकी.इसी वर्ष प्रदर्शित साजिद खान निर्देशित फिल्म हाउसफुल में जैकलीन ने आयटम ..आपका क्या होगा ..नंबर किया जो दर्शकों को बेहद पसंद आया. वर्ष 2011 में जैकलीन ने सुपरहिट फिल्म मर्डर 2 में काम किया. इस फिल्म में इमरान हाशमी के साथ जैकलीन के बोल्ड लुक ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा और उन्हें बॉलीवुड में एक अलग पहचान दिलाई. फिर जैकलीन ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. इसके बाद वह हाउसफुल 2, रेस 2, किक और जुड़वां 2, हाउसफुल 3 जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया.

# फिल्म 'पाइरेट्स' में हैकर का किरदार निभायेंगे प्रियांशु पैन्यूली

**अभिनेता** प्रियांशु पैन्यूली अपनी आने वाली फिल्म 'पाइरेट्स' में हैकर का किरदार निभाते नजर आयेंगे.

निशांत शर्मा द्वारा लिखी और निर्देशित की गई फिल्म पाइरेट्स की कहानी दिल्ली में सेट है, जहां प्रियांशु एक कैब ड्राइवर के रूप में नज़र आएंगे जो आगे चलकर हैकर बन जाता है.

इस फिल्म में चंदन रॉय सान्याल और गगन अरोड़ा भी अहम भूमिकाओं में हैं. शूटिंग पिछले हफ्ते दिल्ली में शुरू हो गई है. डिजिटल खतरों की पृष्ठभूमि पर आधारित पाइरेट्स में निगरानी, नैतिकता और पहचान जैसे मुद्दों को छुआ गया है. कहानी एक ऐसे हैकर की है जिसकी काबिलियत उसे ताकतवर भी बनाती हैं और खतरे में भी डालती हैं, जो ऑनलाइन अंडरवर्ल्ड में रहकर बड़े-बड़े फैसले लेता है. प्रोजेक्ट के बारे में प्रियांशु ने कहा, मैं पाइरेट्स का हिस्सा बनकर बहुत रोमांचित हूं. टाइटल की तरह ही फिल्म डार्क, एड्जी और सस्पेंस से भरी हुई है. मैं एक ऐसे हैकर का किरदार निभा रहा हूं जो सिस्टम से बाहर काम करता है और ऐसी चीज़ों से डील करता है



जिनके बारे में लोग सोच भी नहीं पाते. कहानी नई और इंटेंस है, और फिल्म का इंडी एनर्जी मुझे खींचती है. यह मुझे 'स्टोलन' और 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' जैसी फिल्मों की याद दिलाती है, जो बड़े बजट के बिना भी गहरी छाप छोड़ती हैं.



# जन्माष्टमी पर प्रसारित होगा 'हाथी घोड़ा पालकी बर्थडे कन्हैया लाल की

**16 अगस्त** को जन्माष्टमी के अवसर पर स्टार प्लस पर प्रसारित होगा 'हाथी घोड़ा पाल की बर्थडे कन्हैया लाल की'

मुंबई, 11 अगस्त. जन्माष्टमी के अवसर पर 16 अगस्त पर स्टार प्लस चैनल पर 'हाथी घोड़ा पाल की बर्थडे कन्हैया लाल की' प्रसारित होगा. स्टार प्लस हमेशा से भारत के त्योहारों को धूमधाम, रंग और भावना के साथ मनाता आया है, जिससे हर मौका एक रंगीन और खूबसूरत महोत्सव बन जाता है जो उसके पसंदीदा शो और किरदारों को जोड़ता है.

इस जन्माष्टमी, चैनल फिर से वही जादू लेकर आ रहा है खास फेस्टिव स्पेशल 'हाथी घोड़ा पाल की बर्थडे कन्हैया लाल के', जो भगवान कृष्ण के जन्म के उत्सव को खुशियों, खेलों और जश्न से भरपूर मनाएगा. हाल ही में जारी प्रोमो में दर्शकों को अनुपमा को मेजबान की भूमिका में देखकर बहुत खुशी हुई.

जश्न में एक मज़ेदार ट्विस्ट भी है, एक मस्तीभरा मुकाबला जिसमें तय किया जाएगा कि कौन सबसे शरारती है. आखिर जन्माष्टमी बिना कन्हैया की मस्ती के कैसी होती है.

प्रतियोगिता में स्टार प्लस के लोकप्रिय जोड़ियां भी हिस्सा ले रही हैं, जिनमें 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के अभिरा और अरमान, 'अनुपमा' के प्रेम और राही, और 'आर्टी' के वेद और आर्टी शामिल है. प्रोमो में ऊर्जा और हंसी से भरे मज़ेदार पलों की झलक मिलती है, जहां खेलों के जरिए सबकी शरारती पक्ष दिखाई देती है.

पारंपरिक सजावट, दही-हांडी की मस्ती और कृष्ण के थीम वाले जश्न के बीच उत्साह का माहौल है. क्या सबसे शरारती का खिताब अभिरा और अरमान की मस्ती, प्रेम और राही की मज़ेदार बातें, या वेद और आर्टी की मुकाबले वाली जोश से मिलेगा.

# फिल्म वॉर 2 का नया एक्शन प्रोमो रिलीज़

**यशराज** फिल्मस (वाईआरएफ) की आने वाली फिल्म वॉर 2 से ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर का नया एक्शन प्रोमो रिलीज़ कर दिया गया है. अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी यश राज फिल्म्स की वॉर 2, वर्ष 2025 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म है. यशराज कंपनी ने इस मेगा पैन-इंडिया एक्शन स्पेक्टेकल की इंडिया एडवांस बुकिंग की शुरुआत का ऐलान ऋतिक रोशन और एनटीआर के सुपर-स्पाई अवतार कबीर और विक्रम को दिखाते एक धमाकेदार नए एक्शन प्रोमो को रिलीज़ करके किया.

ॉआदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वॉर 2 मशहूर वायआरएफ स्पाय यूनिवर्स फ्रेंचाइज़ी की छठी किस्त है, जिसने अब तक केवल ब्लॉकबस्टर दी हैं. वॉर 2 दर्शकों को रोमांचक अनुभव देने का वादा करती है .हैरतअंगेज पैमाने और एक्शन के साथ एक




तीव्र और पकड़ लेने वाली कहानी, जिसमें ऋतिक और एनटीआर एक-दूसरे के खिलाफ खूनी मुकाबले में भिड़ेंगे. इस फिल्म में कियारा आडवाणी की भी अहम भूमिका है. यह फिल्म 14 अगस्त को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी.

# गीतों के राजकुमार थे गोपाल सिंह नेपाली

**कलम** की स्वाधीनता के लिए आजीवन संघर्षरत रहे 'गीतों के राजकुमार' गोपाल सिंह नेपाली लहरों की धारा के विपरीत चलकर हिन्दी साहित्य. पत्रकारिता और फिल्म उद्योग में ऊंचा स्थान हासिल करने वाले छायावादोत्तर काल के विशिष्ट कवि और गीतकार थे. बिहार के पश्चिम चम्पारण जिले के बेतिया में 11 अगस्त, 191. को जन्में गोपाल सिंह नेपाली की काव्य प्रतिभा बचपन में ही दिखाई देने लगी थी.एक बार एक दुकानदार ने बच्चा समझकर उन्हें पुराना कार्बन दे दिया, जिस पर उन्होंने वह कार्बन लौटाते हुए दुकानदार से कहा, इसके लिए माफ कीजिएगा गोपाल पर, सड़यिल दिया है आपने कार्बन निकालकर.

उनकी इस कविता को सुनकर दुकानदार काफी शर्मिंदा हुआ और उसने उन्हें नया कार्बन निकालकर दे दिया. नेपाली ने जब होश संभाला तब चंपारण में महात्मा गांधी का असहयोग आंदोलन चरम पर था. उन दिनों पंडित कमलनाथ तिवारी, पंडित केदारमणि शुक्ल और पंडित राम रिषिदेव तिवारी के नेतृत्व में भी इस आंदोलन के समानान्तर एक आंदोलन चल रहा था. गोपाल सिंह नेपाली इस दूसरी धारा के ज्यादा करीब थे. साहित्य की लगभग सभी विधाओं में पारंगत नेपाली की पहली कविता 'भारत गगन के जगमग सितारे' 1930 में रामवृक्ष बेनीपुरी द्वारा सम्पादित बाल पत्रिका में प्रकाशित हुई थी. पत्रकार के रूप मेंउन्होंने कम से कम चार हिन्दी पत्रिकाओं-'रतलाम टाइम्स', 'चित्रपट', 'सुधा' और 'योगी' का सम्पादन किया. युवावस्था में नेपाली के गीतों की लोकप्रियता से प्रभावित होकर उन्हें आदर के साथ कवि सम्मेलनों में बुलाया जाने लगा.

उस दौरान एक कवि सम्मेलन में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' उनके




एक गीत को सुनकर गद्गद हो गए. वह गीत था, 'सुनहरी सुबह नेपाल की, ढलती शाम बंगाल की कर दे फीका रंग चुनरी का, दोपहरी नैनीताल की क्या दरस परस की बात यहां, जहां पत्थर में भगवान है यह मेरा हिन्दुस्तान है, यह मेरा हिन्दुस्तान है.' गोपाल सिंह नेपाली के गीतों की उस दौर में धूम मची हुई थी लेकिन उनकी माली हालत खराब थी. वह चाहते तो नेपाल में उनके लिए सम्मानजनक व्यवस्था हो सकती थी क्योंकि उनकी पत्नी नेपाल के राजपुरोहित के परिवार से ताल्लुक रखती थीं.

# जल्द ही होगा केबीसी सीजन 17 का आगाज

**अमिताभ** बच्चन के शो में इस बार कौन बनेगा करोड़पति, और टीवी पर कहां देखें केबीसी सीजन 17 छोटे पर्दे के मशहूर रियलिटी शो में अमिताभ बच्चन के शो कौन बनेगा करोड़पति का नाम भी शामिल होता है. जल्द ही केबीसी सीजन 17 का आगाज होने जा रहा है. ऐसे में आइए जानते हैं कि आप इस क्विज रियलिटी शो को कहां देख सकते हैं.

हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन लंबे अरसे से रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति को होस्ट करते आ रहे हैं. टीवी पर के सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो में केबीसी का नाम शुमार रहता है. इस बार कौन बनेगा करोड़पति का सीजन 17 शुरू होने जा रहा है, जिसको लेकर फैंस की एक्साइटमेंट काफी हाई है. ऐसे में आइए जानते हैं कि टीवी और ओटीटी पर आप अमिताभ बच्चन के केबीसी 17 को कहां देख सकते हैं. इतना ही नहीं इस बार बिग बी के इस रियलिटी में क्या कुछ खास होने वाला है. जहां अकल है, वहां अकड़ है की टैगलाइन के साथ इस बार कौन बनेगा करोड़पति के नए सीजन का शंखनाद हुआ था. शो के कई प्रोमो वीडियो पहले ही सामने आ गए थे, जिसमें बतौर अमिताभ बच्चन की झलक देखने तो मिली.

दरअसल कौन बनेगा करोड़पति शो की शुरुआत साल 2000 में हुई थी. इस आधार पर ये रियलिटी शो 25 साल पूरे होने के जश्न का मना रहा है. शो की सिल्वर जुबली को जहन में रखते हुए मेकर्स ने नए सीजन को और अधिक रोमांचक बनाने की तैयारी है, जिसका पता केबीसी 17 के पहले एपिसोड को देखने के बाद लग जाएगा.



## ऑटोमोबाइल



# जल्द आ रही होंडा की पहली इलेक्ट्रिक कार

### टीजर में सामने आया फर्स्ट लुक

**होंडा** की पहली इलेक्ट्रिक बाइक का टीज़र अब सामने आ चुका है. इसके डिज़ाइन में कुछ बेहद दिलचस्प और प्रगतिशील तकनीकी एलिमेंट्स देखने को मिलते हैं, जो पूरी ऑटो इंडस्ट्री के लिए एक गेम चेंजर साबित हो सकते हैं. 2 सितंबर को इसका पूरा अनावरण होने वाला है, जो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के फ्यूचर को लेकर नई दिशा दिखा सकता है.

दिल्ली. ने अपने यूके सोशल मीडिया हैंडल पर एक टीज़र जारी किया है जिसमें एक इलेक्ट्रिक बाइक को कैमोफ्लाज में ढका हुआ दिखाया गया है. यह बाइक से काफी मिलती-जुलती लग रही है, जिसे 2024 में शोकेस किया गया था. होंडा के पोर्टफोलियो में अभी तक कोई इलेक्ट्रिक बाइक नहीं है. सामने आया टीजर ने हाल ही में एक टीज़र जारी किया है जिसमें एक कैमोफ्लाज टेस्ट म्यूल दिखाया गया है, जिससे पता चलता है कि बाइक अभी भी डिवेलपिंग फेज में है. टीज़र की शुरुआत इसके TFT डैश को दिखाने से होती है, इसके बाद एक वर्टिकल की तरह. इसमें 17-इंच के पहियों के साथ एक सिंगल-साइड स्विंगआर्म देखने को मिलता है, जो 150-सेक्शन Pirelli Rosso 3 टायर्स में लिपटे हुए हैं. टीज़र में 2 सितंबर की डेट भी दिखाई गई है.

हाल ही में, उसने चीन में होंडा ने अपने यूके सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी पहली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल की झलक दिखाई है. कैमोफ्लाज में ढकी यह बाइक EV Fun Concept से मेल खाती है और 2 सितंबर को इसका पूरा खुलासा होने जा रहा है. जापानी ऑटो जायंट ने आखिरकार अपनी पहली इलेक्ट्रिक बाइक का टीज़र जारी कर दिया है. स्टाइलिश डिज़ाइन, हाई-परफॉर्मेंस स्पेक्स और दमदार श्वङ्क साउंड के साथ यह बाइक ऑटो वर्ल्ड में नई हलचल मचाने वाली है.

# घट गई टाटा के इस धांसू SUV की कीमत

**देसी** कार निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स अगस्त, 2025 के दौरान अपने कई मॉडलों पर बंपर छूट ऑफर कर रही है. इसी क्रम में कंपनी अपनी पॉपुलर एसयूवी टाटा सफारी पर भी यह डिस्काउंट दे रही है. बता दें कि टाटा सफारी खरीदने पर ग्राहक इस दौरान 1.05 लाख रुपये तक की बचत कर सकते हैं. इस ऑफर में कैश डिस्काउंट के अलावा दूसरी छूट भी शामिल है. डिस्काउंट की अधिक जानकारी के लिए ग्राहक अपने नजदीकी डीलरशिप से संपर्क कर सकते हैं. आइए जानते हैं टाटा सफारी के फीचर्स, पावरट्रेन और कीमत के बारे में विस्तार से.

धांसू हैं एसयूवी के फीचर्स टाटा सफारी में ग्राहकों को ADAS लेवल-2 जैसी हाई-टेक सेफ्टी टेक्नोलॉजी, 360-डिग्री कैमरा, बड़ा पैनोरमिक सनरूफ, 10.25 इंच का टचस्क्रीन (वायरलेस Android Auto ¥õÚU Apple CarPlay के साथ), डिजिटल मीटर, वायरलेस चार्जर, वेंटिलेटेड सीट्स और प्रीमियम लेदर सीट कवर जैसे फीचर्स मिलते हैं. वहीं, म्यूजिक लवर्स के लिए छुक्क्का 9-स्पीकर सिस्टम, ऑटो डिमिंग मिरर, मल्टी-जोन एसी और एंबियंट लाइटिंग भी है जो केबिन को एकदम लग्जरी फील देती है.



अगर पावरट्रेन की बात करें तो एसयूवी में 2.0-लीटर Kryotec टर्बो-डीजल इंजन मिलता है. एसयूवी का इंजन 170bhp की अधिकतम पावर और 350Nm का टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है. ग्राहकों को एसयूवी में 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के ऑप्शन मिलते हैं. भारतीय मार्केट में टाटा सफारी की एक्स-शोरूम कीमत 15.50 लाख से लेकर 27.44 लाख रुपये तक जाती है. डिस्क्लेमर-कारों पर मिलने वाले डिस्काउंट को हम अलग-अलग प्लेटफॉर्म और सोर्स की मदद से बता रहे हैं. आपके शहर या डीलर के पास ये डिस्काउंट कम या ज्यादा भी हो सकता है.

# एक्सेसरीज 360ए कैमरा के साथ आया नया अवतार

**स्कोडा** ऑटो इंडिया ने भारत में अपनी 25वीं वर्षगांठ और वैश्विक स्तर पर 130 वर्षों की विरासत को खास अंदाज़ में सेलिब्रेट करते हुए Kushaq, Slavia औरच4द्यड्डह्न के लिमिटेड एडिशन लॉन्च किए हैं. इन खास मॉडल्स में एक्सक्लूसिव कलर ऑप्शंस, नई बैजिंग, एडवांस फीचर्स और कॉम्प्लिमेंट्री एसेसरीज़ के साथ बेहद लिमिटेड यूनिट्स उपलब्ध कराए गए हैं. अगर आप स्टाइल, परफॉर्मेंस और एक्सक्लूसिविटी का परफेक्ट कॉम्बिनेशन चाहते हैं, तो ये गाड़ियाँ आपके लिए ही बनी हैं. स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में अपनी 25वीं वर्षगांठ और वैश्विक स्तर पर 130 वर्षों की विरासत को खास अंदाज़ में सेलिब्रेट करते हुए Kushaq, Slavia और Kylaq के लिमिटेड एडिशन लॉन्च किए हैं. इन खास मॉडल्स में एक्सक्लूसिव कलर ऑप्शंस, नई बैजिंग, एडवांस फीचर्स और कॉम्प्लिमेंट्री एसेसरीज़ के साथ बेहद लिमिटेड यूनिट्स उपलब्ध कराए गए हैं. अगर आप स्टाइल, परफॉर्मेंस और एक्सक्लूसिविटी का परफेक्ट कॉम्बिनेशन चाहते हैं, तो ये गाड़ियाँ आपके लिए ही बनी हैं.






# इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल्स की बिक्री में उछाल

**भारत** में इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर ने जुलाई 2025 में एक नई ऊंचाई को छुआ है. FAD की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इस साल EV पैसेंजर वाहनों की बिक्री में पिछले साल की तुलना में 93% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है.

भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का ट्रेंड अब एक स्थायी बदलाव की ओर बढ़ रहा है. फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस की जुलाई 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, देश में इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल्स की बिक्री में 93% की जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई है. इस महीने कुल 15,528 इलेक्ट्रिक कारें रजिस्टर्ड हुईं, जो पिछले साल जुलाई के 8,037 यूनिट्स से लगभग दोगुनी हैं.

इस ग्रोथ का सबसे बड़ा हिस्सा टाटा मोटर्स के हिस्से गया, जिसने जुलाई में 6,047 यूनिट्स की बिक्री के साथ सेगमेंट में टॉप पोजिशन बरकरार रखी. यह आंकड़ा पिछले साल जुलाई की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है. हालांकि टू-व्हीलर सेगमेंट में थोड़ी सुस्ती देखी गई. जुलाई 2025 में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की बिक्री 1,02,973 यूनिट्स रही, जो पिछले साल से 4% कम है. फिर भी, TVS मोटर कंपनी ने इस सेगमेंट में 22,256 यूनिट्स बेचकर 13त्न की वृद्धि हासिल की. कमर्शियल सेगमेंट में ग्रोथ और भी मजबूत रही.

इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर की बिक्री 69,146 यूनिट्स पर पहुंची, जिसमें महिंद्रा ग्रुप ने 40% की सालाना वृद्धि के साथ टॉप पोजिशन हासिल की. वहीं, इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों की बिक्री में 52% की ग्रोथ दर्ज की गई. अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर का मानना है कि यह तेजी इस बात का संकेत है कि श्वङ्क अब सिर्फ शुरुआती अपनाने वालों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मेनस्ट्रीम कंज्यूमर और फ्लीट बाजार में प्रवेश कर चुका है.